नराकास, जोधपुर-2 द्वारा राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 18 नवम्बर 2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्या-2), जोधपुर के तत्वावधान में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 (वायुसेना), जोधपुर में किया गया | कार्यशाला की शुरुआत विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत के साथ हुई | विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक श्री राजेश कुमार महावर द्वारा स्वागत संबोधन किया गया |

कार्यशाला में श्री नवीन कुमार यादव, सदस्य सचिव, नराकास एवं उप निदेशक (राजभाषा), काजरी मुख्य वक्ता के रूप में तथा श्री हिमांशु कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) वक्ता के रूप में उपस्थित रहे | श्री गजेन्द्र जोशी, प्राचार्य (के.वि. क्र.2 वायु सेना) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की | श्री यादव ने कहा कि राजभाषा कार्यशाला द्वारा नराकास के सदस्य कार्यालयों को संघ सरकार की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, नियम तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों की जानकारी दी | उन्होंने कहा कि आज हिन्दी में वैज्ञानिक, तकनीकी, विधिक सहित सभी क्षेत्रों में कार्य हो रहा है | कार्यशालाओं द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शंकाओं का निवारण किया गया | श्री हिमांशु कुमार द्वारा राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग हेतु सार्थक चर्चा की गयी | पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 (वायुसेना), जोधपुर के प्राचार्य श्री गजेन्द्र जोशी ने कहा कि राजभाषा हिन्दी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओँ का संवर्धन एवं संरक्षण किया जाना आवश्यक है | कार्यशाला में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया | कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ |